सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **38**
11/01/2026

# राज्यपाल ने सैनिक कल्याण निदेशालय के राज्य प्रबंधन समिति की बैठक में भाग लिया

पटना 11 जनवरी, 2026 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण निदेशालय के राज्य प्रबंधन समिति की 23वीं बैठक बिहार लोक भवन, पटना में सम्पन्न हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों तथा शहीद सैनिकों की विधवाओं एवं आश्रितों के
लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर व्यापक चर्चा हुई और महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक में बारह नये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के गठन सहित भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए नये निर्णयों एवं किए जा रहे अन्य कार्यों की भी जानकारी दी गई।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की सहायता करना हमारा विशेष कर्तव्य है और राज्य सरकार इसके लिए सचेष्ट है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सैन्य अधिकारियों के सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर उनपर आवश्यक कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिक देश की सम्प्रभुता, सम्मान और उसकी सीमाओं की रक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्य पर डटे रहते हैं। वे हमारे लिए बिना नींद की रातें गुजारते हैं, तब हम चैन की नींद सो पाते हैं।

बैठक में बिहार के मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरविन्द कुमार चौधरी, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार एवं झारखंड सब–एरिया दानापुर कैन्ट के जी०ओ०सी० मेजर जनरल विकास भारद्वाज, सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक एवं सेना के वरीय अधिकारीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

..................................................